प्रादेशिक समाचार
दिनांक–13.07.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड में जल जीवन मिशन और गरीब कल्याण अन्न योजना में अनियमितता का लगाया आरोप, कहा–भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रही है राज्य सरकार।
2. भारत पहले विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स की करेगा मेजबानी, मीडिया और मनोरंजन उद्योग में खुलेंगे रोजगार के द्वार।
3. राज्यभर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर लाखों मामलों का हुआ निष्पादन, चार अरब रुपये से अधिक राजस्व की हुई वसूली।
4. मुहर्रम को लेकर राज्यभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, 15 से 17 जुलाई तक अतिरिक्त जवानों की होगी तैनाती, हजारीबाग, पाकुड़ समेत कई जिलों में हुई शांति समिति की बैठक।

****

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड में जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में अनियमितता का आरोप लगाया है। गिरिडीह में आकाशवाणी से बातचीत करते हुए उन्होंने जल जीवन मिशन के साथ–साथ पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के क्रियान्वयन में भी गड़बड़ी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केन्द्रीय योजनाओं में हो रही गड़बड़ियों को रोकने में विफल साबित हो रही है। केन्द्रीय मंत्री ने पूरे मामले की जांच कराने की भी बात कही।

****

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी और गोड्डा के विधायक अमित मंडल ने आज कोडरमा संसदीय सीट के अंतर्गत आने वाले गांडेय विधानसभा के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया।

****

भारत इस वर्ष 20 से 24 नवंबर तक गोवा में पहले विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स की मेजबानी करेगा। आज दिल्ली में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े फिल्म निर्माता देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि वेव्स भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग के भविष्य को आकार देने वाला महत्वपूर्ण आयोजन साबित होगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वेव्स भारत के मनोरंजन उद्योग के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर लाखों मामलों का निष्पादन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन के मौके पर झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विद्युत रंजन षाड़ंगी ने समाज के आखिरी गरीब व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने पर जोर दिया। उधर धनबाद में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में दोपहर तक एक लाख 87 हजार 320 विवादों का निपटारा कर दिया गया, जबकि एक अरब 64 करोड़ रूपए की वसूली की गई। इधर गिरिडीह व्यवहार न्यायालय में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राजेश शंकर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 4000 से अधिक मामलों का निपटारा किया जा चुका हैं।

उन्होंने बताया कि एक अरब तीस करोड़ रुपए से अधिक राजस्व के मामलो का निपटारा किया जा चुका है।

इधर हजारीबाग सिविल कोर्ट में 31 हजार 844 मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें कुल 72 करोड़ 69 लाख 96 हजार 451 रुपए की राशि की वसूली पर सहमति बनी। उधर लोहरदगा में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में एक हजार आठ सौ सैंतीस मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि दो करोड़ छियासठ लाख रुपये की वसूली अर्थदंड के रूप में की गई।

****

मोहर्रम को लेकर राजधानी रांची सहित राज्यभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए राज्य में इको की 16 कंपनियां, रैप की कम्पनी, दो हजार से अधिक लाठीबल, 5 हजार होमगार्ड जवानों को तैनात किया जायेगा। जिलों में सुरक्षा और विधि–व्यवस्था के लिए बलों की प्रतिनियुक्ति 15 से 17 जुलाई तक के लिए की गई है।

****

हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की आज बैठक हुई। इस दौरान उपायुक्त ने मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

****

पाकुड जिले में मुहर्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने को लेकर उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरनबाल की अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक हुई।

****

झारखंड की पीजीटी शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया विवादों में घिर गई है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सोशल मीडिया एक्स पर मूक–बधिर श्रेणी में चयनित अभ्यर्थी का ऑडियो क्लिप जारी करते हुए जांच की मांग की है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को बुद्ध जयंती पार्क में एक पौधा लगाकर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की थी। हजारीबाग में भी इस अभियान को लेकर लोगों में काफी उत्साह दिख रहा है।

****

दो दिवसीय रोबोट प्रतियोगिता डीडी–रोबोकॉन इंडिया 2024 नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में चल रही है। प्रसार भारती और आईआईटी दिल्ली इस कार्यक्रम की मेजबानी कर रहे हैं। 45 से अधिक कॉलेज, संस्थान और विश्वविद्यालयों के 750 से अधिक छात्र इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के दौरान, रोबोट तय समय के भीतर जटिल कार्यों को निष्पादित करने के लिए एक–दूसरे का सामना करेंगे। डीडी–रोबोकॉन की विजेता टीम अंतरराष्ट्रीय एशिया–पैसिफिक ब्रॉडकास्टिंग यूनियन रोबोकॉन 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी, जो वियतनाम के क्वांगनिन्ह में होगा।

*******समाप्त*******